काला बाजारी के लिए बनायी गयी 06 टीमें अपना कार्य मुस्तैदी से करें

- जनपद लागू धारा 144 में किया गया आंशिक संशोधन
- होम डिलीवरी पर केन्द्रित होने के लिए जिलाधिकारी ने दिये निर्देश
- कोरोना के दृष्टिगत यथाशीघ्र की जायेगी होम डिलीवरी
- लोग घरों से न निकलें, बहुत जरूरी हो तो सोशल डिस्टेंश बनायें रखें
- सब्जी मण्डी एक स्थान पर नहीं लगेगी, घूम-घूम कर सब्जियां उपलब्ध करायी जायेंगी
- भिखारियों की रैन बसेरों में की जायेगी व्यवस्था
- बन्दर एवं अन्य जानवरों को भोजन देने वाली गाड़ी को नहीं रोका जायेगा
- अस्पताल में बीमारों के तमीरदारों को भी भोजन उपलब्ध कराया जायेगा
- तहसील स्तर पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने वाले वाहनों को एसडीएम देंगे अनुमति
- आवश्यक वस्तुओं के सामान को लाने-ले जाने वाले वाहन नहीं रोके जायेंगे
- प्रातः 07 से 11 बजे तक खुलेंगी आवश्यक वस्तुओं की दुकान

मथुरा। जिलाधिकारी सर्वज्ञराम मिश्र ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए निर्देश दिये कि जिन 06 टीमों को काला बाजारी रोकने के लिए लगाया गया है वह मुस्तैदी से अपने कार्यों को पूरा करते हुए कृत कार्यवाही से उन्हें अवगत करायें। उन्होंने कहा कि जो दुकानदार काला बाजारी में लिप्त पाये जायें उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करायी जाये। श्री मिश्र ने बताया कि जनपद लागू धारा 144 में आंशिक संशोधन किया गया है, अब 05 व्यक्तियों के स्थान पर केवल 02 ही व्यक्ति एक स्थान पर रूक सकते हैं। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि आवश्यक वस्तुओं को वितरित करते समय सोशल डिस्टेंश का विशेष ध्यान रखा जाये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि होम डिलीवरी पर केन्द्रित होकर लोगों में आवश्यक वस्तुओं का वितरण करवायें, इसके लिए क्षेत्रबार टीमें बना ली जायें, व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार सामान उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा होम डिलीवरी का पूरी प्लान तैयार किया जा चुका है, यथाशीघ्र उसे क्रियान्वित कर दिया जायेगा। डीएम ने निर्देश दिये हैं कि एक ही स्थान पर सब्जी मण्डी लगने के कारण लोग अधिक संख्या में एक स्थान पर एकत्रित हो जाते हैं। सोशल डिस्टेंश को दृष्टिगत रखते हुए क्षेत्रबार ढकेलों द्वारा सब्जियों की आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि आवश्यक वस्तुओं से संबंधित सामान एवं खाद्यान्नों से लदी हुई गाड़ियों को किसी भी दशा में नहीं रोकी जायेंगी। उन्होंने जनपद स्तरीय एवं अन्य जनपद व अन्य राज्यों में जाने वाली गाड़ियों के पास नगर मजिस्ट्रेट द्वारा पास जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने तहसील क्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं के लिए पास जारी करने के लिए उप जिलाधिकारी को अधिकृत किया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बन्दर एवं अन्य जानवरों को भोजन देने वाले वाहनों एवं चारा ले जाने वाली गाड़ियों को नहीं रोका जायेगा। उन्होंने कहा कि भिखारियों को रैन बसेरों में रखा जायेगा तथा उनको उसी में भोजन के पैकेट भी उपलब्ध कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में बीमारों के तमीरदारों को भी भोजन उपलब्ध कराने हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा व्यवस्था की जा रही है, जिसको प्रशासन द्वारा वितरित कराया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 गौरव ग्रोवर ने बताया कि खाद्यान्न सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं के लाने एवं लेजाने तथा काला बाजारी की शिकायत पुलिस कन्ट्रोल रूम 7839003402 पर सूचना दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि एक स्थान पर अधिक लोग एकत्रित न हों और बिना किसी कारण बाहर न निकलें। वेबजह बाहर घूमने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। बैठक में नगर आयुक्त रविन्द्र कुमार मांदड ने होम डिलीवरी सप्लाई की पूरी योजना को बताया। उन्होंने बताया कि क्षेत्रबार दुकानें चिन्हित की जा रही हैं, जो व्यक्तियों को फोन पर बतायी गई आवश्यक सामग्रियों को उनके घर तक पहुँचायेंगे। उन्होंने बताया कि ईजीडे, वीमार्ट, बिग बाजार के कर्मचारियों द्वारा उनकी मांग पर तथा स्थानीय दुकानदारों से मांग पर सामान उपलब्ध कराने के लिए पार्षद के क्षेत्रबार 20-20 टीमें गठित कर ली गई हैं, जो डोर टू डोर सामान पहुँचायेंगी। उन्होंने बताया कि प्रातः 07 से 11 बजे तक आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुलेंगी तथा थोक मण्डी का समय प्रातः 04 से 07 बजे तक रहेगा। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश कुमार ने बताया कि कोरोना वायरस से संबंधित कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर-0565 -2471914, 2970373 एवं 2970374 के नम्बरों पर केवल कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों की सूचना दे सकते हैं तथा काला बाजारी से संबंधित सूचनायें जिला प्रशासन नागरिक सुरक्षा कलेक्ट्रेट में बनाये गये कन्ट्रोल रूम नम्बर-0565-2470218 पर दें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सतीश कुमार त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर अशोक कुमार मीणा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

नगर निगम ने आवश्यकता वस्तुओं की दुक. ानों के आगे बनाया सुरक्षा घेरा, दुकान के शटरों पर किया सेनेटाइज का छिड़काव

मथुरा में लॉकडाउन को लेकर जिला प्रशासन ने आमजन की सुविधाओं को देखते हुए व्यवस्थाओं में परिवर्तन किया है। इसके तहत बृहस्पतिवार को

प्रातः 4:00 बजे से 11:00 बजे तक अलग-अलग पाली में दुकानें खोली गई। थोक की दुकानों पर प्रातः 6:00 बजे तक बिक्री की गई जबकि इसके बाद फुटकर के सामान 11:00 बजे तक बेचे गए। इस दौरान शहर की सड़कों पर वाहन चलते नजर आए। सबसे अधिक भीड़ का दबाव मेडिकल की दुकानों पर देखने को मिला। बुजुर्ग महिलाएं भी दवा के लिए परेशान नजर आए। अनेक बाजारों में तो मेडिकल की दुकान खोली नहीं गई। होलीगेट के साथ कृष्णा पुरी, जयसिंहपुरा, जमुनापुरा, कृष्णा नगर, औरंगाबाद, टाउनशिप, डीगगेट, चौक बाजार, छता बाजार आदि क्षेत्रों में लोगों ने अपने जरूरी सामान की खरीदारी की है। दवा की दुकानों पर सबसे अधिक लोग पहुंच रहे हैं। ऐसे में सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए मेडिकल स्टोर संचालकों ने स्टोर के बाहर घेरे बनाए हैं, जिनमें ग्राहक को खड़ा किया जा रहा है और एक-एक करके लोगों को दवा दी जा रही है। प्रशासन द्वारा दी गई ढील का समय बीतने के बाद शहर की सड़कों पर फिर खामोशी छा गई। लोगों की आवाजाही पूरी तरह रुक गई ,जो यदा-कदा वाहन चलते हुए नजर आ रहे थे, उन्हें हिदायत दी गई। कुछ स्थानों पर ऐसे लोगों से सख्ती के साथ निपटा गया। इससे 12:00 बजे तक पूरी तरह बाजार में कर्फ्यू जैसे हालात बन गए। बृहस्पतिवार को शाम को भी जिला प्रशासन ने बाजार को न खोलने का निर्णय लिया है। देहात में भी सब्जी, दूध, दवा, परचून की दुकानों पर सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। कई स्थानों पर दुकानदारों ने सफेदी से एक-एक मीटर की दूरी पर गोले बना दिए, जिन पर ग्राहक खड़े थे। टैंटीगांव, मांट, नौहझील, सुरीर, छाता, शेरगढ़, नंदगांव, बरसाना, गोवर्धन, बलदेव, गोकुल, महावन, राया, राधाकुंड, चौमुंहा, आदि गांवों में सब्जी, दूध, फल, दवा, परचून की दुकानों पर लोगों की सुबह से ही भीड़ लग गई।

इमाम ने की मस्जिदों में ना आने की अपील

मथुरा। मेवातियान मस्जिद के इमाम हाजी जियाउर्रहमान ने मुस्लिमों से मस्जिद में ना आकर घरों में ही नमाज अदा करने की अपील की है। इमाम हाजी जियाउरहमान ने कहा है कि कोरोना वायरस फैला हुआ है। कई मुल्क इससे बर्बाद हो चुके हैं। अपना मुल्क सुरक्षित रहे और आप सभी लोग सुरक्षित रहें। सभी मुस्लिम भाई अपने घरों में रहें और घर से बाहर निकलने की कोशिश न करें। आप सभी लोग इतने समझदार तो हैं जो यह समझ सकें कि कोरोना वायरस फैला हुआ है। दुनिया में हजारों लोगों की इससे मौत हो चुकी है। यह वायरस अपने हिन्दुस्तान में भी आ चुका है। इसलिए मस्जिदों में आने के बजाय अपने घरों में नमाज अदा करें। भीड़भाड़ न करें।

अंतिम संस्कार के दौरान दिखी सोशल डिस्टेंशिंग

वृंदावन। लोगों में कोरोना वायरस का खौफ दिखा। कोरोना वायरस के बचाव के लिए अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे लोगों ने सोशल डिस्टेंशिंग कायम रखी।बुधवार को दावानल कुंड क्षेत्र निवासी एदल सिंह (72) ने कैंसर की बीमारी से परेशान होकर कुंड में छलांग लगा दी थी। पुलिस एवं गोताखोरों की मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह उनका शव कुंड से निकाला जा सका। परिजन एवं पड़ोसियों द्वारा गुरुवार को यमुना किनारे वंशीवट स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान पहुंचे लोगों में कोरोना वायरस का खौफ साफ तौर पर नजर आ रहा था।

पुलिस की दवगई शुरू, निर्दोषों को पर भी भाजी लाठिया

मथुरा। पुलिस कर्मियों ने कोरा. ने वायरस के किया गया लॉकडाउन के दूसरे दिन पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया हैं। यह होना भी चाहिये। लेकिन शहर की लाला नवल किशोर चौकी पुलिस ने इसी सख्ती के दौरान ऐसे लोगों को भी अपना निशाना बनाया जो कुछ लोग आवश्यकता वस्तु पहुंचाने का कार्य कर रहे थे। कुछ दूध व ठेले वालों को भी पुलिस ने हडक्का करि भगा दिया जो घरों तक आवश्यकता वस्तुओं को पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। एक ओर सरकार सब्जी बालों व दूध वालों से कह तहीं है कि घरों तक सब्जी व दूध पहिंचा लोग घरों से वाहर न निकलें। लेकिन घर दूध व सब्जी पहुंचाने वालों को पुलिस जाने नहीं देगी तो लोगों को घरों से मजबूर वाहर निकलना पड़ेगा। पुलिस अधिकारियों को चाहिये की ऐसे पुलिस कर्मियों को निर्देश जारी करें की आवश्यक वस्तुओं को घर तक पहुंचाने वाले दुकानदार, व कर्मचारियों को नहीं रोका जाना चाहिये।

लॉक डाउन में वे-वजह समूह में घूमने वाले पकड़े

मथुरा। लॉकडाउन के दौरान प्रशासन द्वारा निषेधाज्ञा लागू करने के साथ ही लोगों से अनावश्यक सड़कों पर न घूमने की अपील का भी कुछ लोगों पर फर्क नहीं पड़ रहा। सुबह ऐसे करीब दो दर्जन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान किया है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को लेकर देश में लॉकडाउन होने के बाद से ही स्थानीय स्तर पर पुलिस प्रशासन द्वारा भी लोगों को सुरक्षित घरों में रहने की अपील की गयी। वहीं जिले में निषेधाज्ञा लागू है। इस सबके बावजूद गैर जिम्मेदार कुछ लोग इसका उल्लंघन करने से नहीं चूक रहे। प्रभारी निरीक्षक फरह शेरसिंह ने बुधवार को निषेधाज्ञा का पालन न करने के आरोप में सतीश, बच्चू, पदमा, चंदर, पप्पू, रब्बो, तहसील, अमर, ओमप्रकाश, राखी, गीता, ऊषा, सुधीर, मीना, मनोज, सोलू निवासीगण रैपुरा जाट का धारा-188 के तहत चालान किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक हाईवे पोसीराम शर्मा ने बुधवार दोपहर बाद नरहौली मोड़ के समीप से निषेधाज्ञा उल्लंघन के आरोप में महीपाल, रमेश, अशोक निवासीगण मदनुपर, सहावर, कासगंज, जयपाल निवासी धर्मपुरा, फरी व जितेन्द्र निवासी नरहौली, जीतू निवासी पिनाहट, आगरा का निषेधाज्ञा उल्लंघन की धारा-188 के तहत चालान किया है। एसपी सिटी अशोक कुमार मीना ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने के लिये किये गये लॉक डाउन के दौरान सभी आम नागरिक कानू का पालन करने के साथ ही अपने-अपने परिवार व समाज की सुरक्षा को लेकर घरों में रहें। अनावश्यक बाहर घूमने, एकजुट होकर खड़े रहने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

लॉकडाउन : दूसरे दिन भी बाजारों में उमड़ी भीड़

मथुरा। लॉकडाउन के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को चार घंटे की ढील के दौरान बाजार में भीड़ रही। सुबह सात बजे से 11 बजे तक खुले बाजारों में भीड़ न जुटने की प्रशासन की अपील पूरी तरह बेअसर दिखाई दी। दूध, फल, सब्जी, किराने की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोग उमड़े। हालांकि अधिकांश लोग अब मास्क लगाकर ही बाजार में पहुंच रहे हैं। सर्वाधिक भीड़ मेडिकल स्टोरों पर रही। भीड़ का दबाव देख पुलिस ने नौ बजे तक मेडिकल स्टोर नहीं खुलने दिए। बाद में लाइन लगवाकर मेडिकल स्टोर से दवाएं दी गईं। पुलिस के अधिकारी बाजार में गश्त करते रहे। इससे पूर्व सुबह चार बजे से सात बजे तक कृषि मंडी और थोक की दुकानें खुलीं, जहां दुक. ानदारों ने खरीदारी की। लॉकडाउन के दौरान बुधवार को सुबह और शाम को सात घंटे की ढील के दौरान बाजारों में उमड़ी भीड़ आउट ऑफ कंट्रोल रही। इसी के चलते प्रशासन ने बृहस्पतिवार को शाम की ढील को समाप्त कर दिया। सुबह चार से सात बजे तक मंडी और थोक की दुकानें खोली गईं और सात बजे से 11 बजे तक आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुलीं। दुकानें खुलते ही बाजारों में भीड़ उमड़ पड़ी। होलीगेट, चौक बाजार, कृष्णानगर, औरंगाबाद, कोतवाली रोड, डीगगेट, जनरलगंज, छत्ता बाजार आदि बाजारों में दूध, फल, सब्जी, किराना की दुकानों पर भीड़ लग गई। मुख्य मार्गों पर पुलिस की सख्ती के चलते गलियों में भी सब्जी के बाजार सजे दिखाई दिए। एसएसपी ने कहा है कि लोग नियमों का पालन करें और घरों में ही रहें। बार-बार हाथ धाएं और चौन से घरों में सोएं। 11 बजे के बाद पुलिस ने दिखाई सख्ती, सड़कों पर छाया सन्नाटा लॉकडाउन के दौरान सुबह 11 बजे ढील का समय समाप्त होने के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया। पुलिस की जीपें लाउडस्पीकर पर एलाउंस करती हुई बाजारों में घूमीं। गश्त कर रहे पुलिसकर्मियों ने सख्ती दिखाते हुए सड़कों पर खड़े लोगों को घरों में भेज दिया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि, नया बस स्टैंड, डीगगेट, बिरला मंदिर चौकी, मसानी तिराहा गोकर्णनाथ, अग्रसेन चौराहा, भरतपुर गेट, आरसीए डिग्री कॉलेज, चौक बाजार, घीया मंडी, मिलन तिराहा, भूतेश्वर तिराहा, कृष्णा नगर चौराहा, गोवर्धन चौराहा, महोली रोड, बजरंग धर्मकांटा, टैंक चौराहा, पुलिस लाइन आदि क्षेत्रों में पुलिस ने बैरियर लगाकर आवागमन रोक दिया। बेवजह घूम रहे लोगों को पुलिसकर्मियों ने डांटकर लौटा दिया। अंतापाड़ा में भीड़ लगाकर खड़े लोगों को पुलिसकर्मियों ने लाठियां फटकार कर भगा दिया।

पुलिस कर्मियों को जागरूक करने की जरूरत

पत्रकारों के कार्य में वाधा डाल रहें है पुलिस कर्मी

मथुरा। कोरोना वायरस का डें पुरा देश झेल रहं है। जहॉ प्रशासन प्रधानमंत्री के 21 दिन के लॉकडाउन के चलते, प्रशासन जहॉ लोगों से घर में रहनें की अपील की जा रही हैं। वहीं कोरोना वायरस से निपटनें के लिए शासन से आये निर्देशों से पुलिस कर्मी को अवगत कराने की भी बड़ी आवश्यकता महसूस की जा रही हैं। पुलिस कर्मी इस संकट की घड़ी में जहॉ देवदूत की तरह आम जनमानस की रक्षा करने में जुटें हुए हैं वहीं कुछ एक पुलिस कर्मी आम नागरिकों को दोयम दर्जे का नागरिक मानतें हुए उनके साथ जानबुढ कर अभद्रता कर रहें हैं। यही तक नहीं पुहिलस कर्मी शासन से मिलें दिशा निर्देशों को दर किनारा कर अपने आदेश चला तहें हैं। शहर के भरतपुर गेट चौराहे पर एक पुलिस कर्मी की हठधर्मिता व उसकी नामझी दिखाई दी। एक पत्रकार अपने वाहन से शहर का भम्रण कर रहा था उक्त पत्रकार को भरतपुर गेट पर कुछ पुलिस कर्मीयों ने रोका तो पत्रकार ने अपने आप को पत्रकार बताया। जिस पर आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के मध्य एक दरोगा जी ने कहा की कार्ड दिखाया। उक्त पत्रकार ने दरोगा जी को कार्ड भी दिखाया उसके बाद भी दरा. ेगा जी सन्तुष्ट नहीं हुए अज्ञेर उन्होंने पत्रकार को हड़काते हुए कहा कि अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर बताया। पत्रकार बार बार कहता राहं की वह सरकार से मान्यता प्राप्त पत्रकार है उसें इस दौरान उसे जनपद में भम्रण करने का अधिकार है लेकिन दरोगा जी सरकारीं कार्ड को मानने को तैयार ही नहीं हुआ और वह पत्रकार से अभद्रता पर उतर आया। लेकिन जब मामला बढ़ता देखा तो अन्य साथी पुलिस कर्मियों ने उक्त दरोगा जी को बताया कि सरकारी कार्ड के बाद कोई अन्य की आवश्यकता नहीं है तब जाकर दरोगा जी ने उक्त पत्रकार को जाने की अनुमति दी गई। दूसरा मामला शहर के क्वालिटी चौराहे पर भी एक पुलिस की गाड़ी में बैठे कोतवाली प्रभारी ने पत्रकार को रोका तो पत्रकार ने अपना परिचय दिया तो पुलिस की गाड़ी में बैठे कोतवाली प्रभारी बोले आप खबर लिखों सड़क पर क्यों घूम रहें हैं। और उक्त पत्रकार को बमुश्किल से उसें जाने दिया। इससे यह प्रतीत होता है कि पुलिस कर्मी अधिकारियों के आदेशों को भी दरकिनारा कर तहे हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि अधिकारियों को अभी पुलिस कर्मियों को ब्रीफ्र करने की जरूरत हैं।

निगम ने 75 दुकानों पर बनाए गोले

मथुरा। लॉकडाउन के दौरान खरीदारी के लिए निकलने वाले लोगों को एक-एक मीटर दूर रखने के लिए गुरुवार को नगर निगम द्वारा करीब 75 दुकानों पर गोले बनाए गए। इन गोलों में रहकर ही लोग बारी-बारी से जरूरत का सामान खरीद सकेंगे।कोरोना वायरस को लेकर हुए लॉकडाउन के दौरान खरीदारी के लिए दी जा रही छूट के वक्त यानि सुबह 6 से 11 बजे तक घर से निकलने वाले लोगों को भी कम से कम एक मीटर दूर रखने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। इन्हीं प्रयासों को देखते हुए नगर निगम के निर्माण विभाग की चार टीमों ने गुरुवार को मेडिकल स्टोर, किराना, दूध व सब्जी विक्रेताओं को यहां एक-एक मीटर दूर गोले बनाए। दुकानदारों को भी हिदायत दी गयी कि गोले में खड़े हाने वालों को ही सामान दिया जाएगा, यदि कोई नहीं मानता है तो उसकी तत्काल मौके पर मौजूद पुलिस से शिकायत की जाए।नगर निगम टीमों ने अभी तक कोतवाली क्षेत्र में 21, थाना गोविंद नगर क्षेत्र में 20, यमुनापार क्षेत्र में 10 व थाना सदर बाजार क्षेत्र में 15 दुकानों पर सफेद गोले बनवाए। चीफ इंजीनियर पीके मित्तल ने बताया कि गोले बनाने के काम में चार टीमें लगी हुई हैं। गोले बनाने का काम निरंतर चल रहा है। यदि जिला प्रशासन से और भी गोले बनाने के निर्देश मिलते हैं तो काम जारी रहेगा। इस काम में जूनियर इंजीनियर व सुपरवाईजरों की टीमें लगाई गई हैं।

सड़क किनारे खाना बनाकर जीवन गुजार रहे पेंटर दंपती

मथुरा। कोरोना वायरस को थामने के लिए देशभर में किया गया लॉकडाउन मथुरा में फंसे उड़ीसा के पेंटर दंपती के परिवार के लिए समस्या बन गया है। गुरु सेवा और अष्टयाम सेवा महोत्सव में शामिल होने आया परिवार सड़क किनारे खाना बनाकर जीवन गुजारने को मजबूर है। पति लकड़ियां बीनकर लाता है और पत्नी ईंटों का चूल्हा बनाकर खाना पकाती है। दो छोटे बच्चे भी उनके साथ हैं। उड़ीसा निवासी परमानंद 11 मार्च को पत्नी प्रमोबिन, नौ वर्षीय बेटी साईं संगीता और सात वर्षीय बेटा साईं सत्यप्रकाश के साथ अपने पारिवारिक गुरु श्रीराम शर्मा आचार्य के मथुरा-वृंदावन रोड स्थित गायत्री तपोभूमि में आए थे। 12 मार्च से वृंदावन के जुगलघाट पर चल रहे अष्टयाम सेवा महोत्सव में शामिल हुए। दस दिन वहां रहने के बाद 23 मार्च को वापस जाने के लिए निकले तो ट्रेनें बंद होने की जानकारी मिली। यहां धौलीप्याऊ स्थित एक मकान के बरामदे में शरण ली। वहीं चारों लोग रात काट रहे हैं। बृहस्पतिवार की दोपहर मथुरा जंक्शन के तृतीय प्रवेश द्वार के निकट रेलवे इंस्टीट्यूट ग्राउंड के बाहर सड़क किनारे प्रमोबिन ने ईंटों का चूल्हा बनाया और परमानंद लकड़ियां बीन कर लाए। आरओ वाटर से खाना तैयार किया गया। परमानंद ने बताया कि वह भक्ति करने आए हैं।

गोवर्धन में किराना की दुकानों पर नहीं हो रहा है सोषल डिस्टेंस का पालन

गोवर्धान। गोवर्धान में लॉक डाउन के चलते किराना स्टोर की दुकानों पर सोषल डिस्टेंस का अनुपालन नहीं हो रहा है। र्फि दवाई विक्रेता की सोषन डिस्टेंस के लिए दूरी बनाकर गोला चिन्हित किये हैं। सब्जी विक्रेता भी सोषल डिस्टेंस की स्कीम को नहीं अपना रहे हैं। प्रषासन ने लॉक डाउन में जरूरतमंद सामान की दुकानों पर भीड़ एक> न होने के दषा में एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखने वाले ग्राहकों को ही सामान देने का है लेकिन गुरूवार को कुछ दुकानों पर प्रषासन के दिषा-निर्देषों का पालन किया गया है।

गलियों में डाक्टरों की क्लीनिक बंद कराने के आदेश

मथुरा। कोविड 19 के चलते सुधार हेतु आवश्यक कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। अब गलियों में खुलीं प्राइवेट डाक्टरों की क्लीनिक बंद कराने के लिए सीएमओ को पत्र लिखा गया है। वही चिकित्सा संस्थान चालू रहेंगे जिसमें इमरजेंसी की सुविधा उपलब्ध हो। इसका उद्देश्य आम जन की आवाजाही कम करना है। कोरोना वायरस से बचाव एवं नियंत्रण हेतु सभी चिकित्सकों को जागरूक किया जाए। सीडीओ ने कहा है कि आम जनमानस को जागरूक किया जाए कि इमरजेंसी में प्राइवेट गाड़ियों का उपयोग न करते हुए 108 एवं 102 नम्बर की एम्बुलेंस को कॉल करें। रिटायर्ड चिकित्सक एवं नर्स जो भी सेवा देना चाहे उसकी सूची बना लें। नाम एवं मोबाइल नम्बर लिखें। सीएमओ डा. शेर सिंह ने भी अधीनस्थों को इस बारे में निर्देशित किया है।

महराष्ट से लौटा युवक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना वायरस का संदिग्ध मरीज पहुंचा

मथुरा । जनपद के कस्बा चौमुहां स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महाराष्ट्र से लौटे व्यक्ति ने खुद को कोरा. ेना वायरस का संदिग्ध बताया तो हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टरों ने दूरी बनाते हुए उसे दवाई दी और घर में ही रहने की सलाह देकर भेज दिया। कस्बे निवासी व्यक्ति चौमुंहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा। उसने स्वास्थ्यकर्मियों को बताया कि वह महाराष्ट्र अपनी ससुराल से 21 मार्च को लौटकर आया था। उसे 21 मार्च से खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत है। जिसका इलाज कराने के लिए वह अस्पताल आया है। यहां डॉक्टरों ने उससे दूरी बनाते हुए दवा दी और घर भेज दिया। साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात डॉक्टर शैलेंद्र तोमर ने बताया कि उक्त व्यक्ति खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित है। उसे दवाई देकर घर में ही रहने की सलाह दी है। कोरा. ेना वायरस के लक्षण नहीं हैं, फिर भी चिकित्सक उस पर निगाह रखेंगे। बलदेव में स्वास्थ्य विभाग की टीम बार-बार सूचना मिलने पर दौड़ लगाती रही। सीएचसी प्रभारी डॉ. विजेंद्र सिंह सिसौदिया ने बताया कि बलदेव ब्लॉक के गांव गढ़सौली, महावन, नगला राय सिंह, अबैरनी, महाराम गढ़ी, तुलाबुर्ज, कासिमपुर आदि स्थानों पर जाकर संदिग्ध मरीजों की जांच कर उनका इलाज किया। उन्होंने बताया कि उनको घर पर ही निगरानी में रखा गया है। उनमें कोरोना के लक्षण नहीं हैं।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान ने किया भूखे को रोटी कल्प का विस्तार

मथुरा। वैश्विक महामारी कोरोना से जूझ रही मानवता को राहत देने के लिए श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान द्वारा संच. ालित लोक कल्याणकरी सेवा कल्पों की श्रृंखला में भूखे को रोटी सेवा कल्प का विस्तार किए जाने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव कपिल शर्मा व प्रबंध समिति सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी ने बताया कि विगत लगभग एक दशक से संस्थान द्वारा प्रतिदिन अपने वाहन द्वारा नगर के ऐसे क्षेत्रों में सांयकालीन भोजन का वितरण कराया जाता है, ताकि कृष्ण नगरी में कोई भूखा न सोये। इसमें मथुरा छावनी एवं जंक्शन रेलवे स्टेशन, माल गोदाम रोड, बस स्टैंड, कंकाली देवी व भूतेश्वर मुख केन्द्र हैं। उन्होंने कहा कि महामारी के दौर में इस सेवा को वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। किसी भी कारण से हमारे आसपास कोई व्यक्ति भूखा नहीं सोये, यह हमारा परम कर्तव्य एवं धर्म है। संस्थान ने सभी धर्मप्रेमी एवं ब्रजवासियों से आपदा के समय अपनी सम्पूर्ण सामर्थ्य से जरूरतमंदों की सेवा करने का अनुरोध किया है। सनातन धर्म में नर सेवा - नारायण सेवा का भाव ही ऋषि-मुनियों एवं संतों का संदेश है।